## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय विशेष शिविर सामरबोह में प्रारंभ

**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ शोभाराम मेहरा, जिला संघटक प्रो रविन्द्र नाफडे, प्राचार्य डॉ आर पी यादव के मार्गदर्शन में हुआ। स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य थीम पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर पी यादव ने हरी झंडी दिखाकर शुभकामना संदेश के साथ दल को रवाना किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन कुमार चौरसिया के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकालते हुए मतदाता जागरूकता के नारे के साथ शिविर स्थल ग्राम सामरबोह पहुंचे। शिविर स्थल पहुंचकर स्वयंसेवकों ने गाजर घास का उन्मूलन कर ग्राम पंचायत के आसपास की सफाई की और कचरा एकत्रीकरण कर इसका प्रबंध किया गया। प्रथम दिवस बौद्धिक सत्र के दौरान स्वयंसेवकों को साथ दिवसीय विशेष शिविर के उद्देश्यों से परिचित कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सामरबोह के सरपंच कृष्ण कुमार धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

### शा.नंदलाल सूद में चुनाव का प्रशिक्षण जारी

**जुन्नारदेव।** लोकसभा चुनाव के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय में जारी है। इस प्रशिक्षण में जुन्नारदेव और तामिया विकासखंड के लगभग 2350 कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। मतदान दलों को ट्रेनिंग देने के लिए स्कूल के 12 क्लास रूम का उपयोग किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेंद्र सिंह के निर्देशानुसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम कामिनी ठाकुर नायबतहसीलदार प्रीति पटेल के मार्गदर्शन में विकासखंड के 2350 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण के दौरान 24 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को ईवीएम विहविहपेड़ से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही मतदान दलों को चुनाव संपन्न कराने के लिए जिन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भरना है उसकी जानकारी विस्तार पूर्वक मास्टर ट्रेनर्स द्वारा समझाई गई ।

### धुरेंडी पर जंगल की गश्ती के निर्देश की अनदेखी कर नाकेदार रंगों उत्सव मनाता रहा

# नाकेदार की मिलीभगत से चल रहा अवैध कटाई एवं रेत अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



वर्तमान में तामिया रेंज भगवान भरोसे चल रही है। इसके प्रमुख कारण है। कि इस रेंज की सभी सर्किलों के अंतर्गत आने वाली वीटो के नाकेदारो का नाके पर निवास नहीं, करने के कारण क्षेत्र के जंगलों में अवैध कटाई एवं जलाऊ के नाम पर, वन संपदा का नुकसान लगातार होता चला आ रहा है। सनद रहे की वर्तमान रेंजर के कार्यकाल में किए गए वृक्षारोपण 3 वर्ष में ही लगाए गए पौधे पूर्ण रुप से मर चुके हैं। , जो देखे जा सकते हैं। लेकिन इसी रेंज की सबसे संवेदनशील कुआं बादला सर्कल की बीट भाड़ी, जो सांगा खेड़ा रेंज एवं बफर जोन की सीमा से लगी हुई है। यहां तैनात नाकेदार जिसकी मिली भगत से इस क्षेत्र में जंगल की कटाई एवं वन अपराध , रेत का , अवैध उत्खनन जमकर नाकेदार की मिली भगत से होता चला आ है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण भी है। क्षेत्र में रेत चोरी करते ट्रैक्टर भी पकड़े जा चुके हैं। साथ ही फर्नीचर का बड़ा जखीरा सागौन का पकड़ा जा चुका है। लेकिन रेंजर जो अपने कमाऊ पूत माने जाने वाले नाकेदार के पक्ष में ही हमेशा, खड़े नजर आते हैं । लेकिन रेंजर के खुले संरक्षण के चलते अब इस नाकेदार के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं । कि ये वन अधिनियम का पालन नहीं करना एवं अपने कर्तव्यों को दरकिनार कर अपनी बीट भाड़ी में ना रहकर तामिया से उसका संचालन करता है,। तो समझा जा सकता है। कि इस बीट के क्या हाल होंगे । इस नाकेदार के बुलंद हौसलों की वानगी धुरेडी के, दिन देखने मिली । की वन विभाग के स्पष्ट आदेश निर्देश है। कोई भी नाकेदार मुख्यालय ना छोड़े,। क्योंकि होली के अवसर पर शिकार करने वाले एवं होली के लिए जंगल से लकड़ी लाने वाले सक्रिय रहते हैं। इसीलिए उनका अपने क्षेत्र के जंगल में गस्ती करना अनिवार्य रूप से होता है। और , रक्षा के अंतर्गत वन विभाग के कर्मचारी आते हैं। तो उस दिन तो होली खेलना भी, नियमानुसार वर्जित है। लेकिन भाड़ी नाकेदार ने वन विभाग के अपने रेंजर के भरोसे नियम कानून को बलाये तक पर रखकर । जंगल की रखवाली करने के बजाय होली खेलना ज्यादा उचित माना। और जंगल को शिकारी एवं वन माफिया के भरोसे छोड़कर तामिया में व्यापारी मंडल द्वारा सार्वजनिक रूप से बाजार में मनाये गये रंग उत्सव मैं जमकर हिस्सा लिया ईसी से सिद्ध हो गया है। कि तामिया रेंजर का अपने ही कर्मचारियों पर या तो नियंत्रण नहीं है ।

### परिवहन विभाग ने नागपुर-पांढुर्णा मार्ग में की जांच

# 8 वाहनों से लिया गया 6000 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि परिवहन जांच दल द्वारा आज नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर वाहनों की सघन जाँच की गई जिसमें बिना एच.एस.आर.पी.नम्बर प्लेटों की जांच का कार्य प्रमुखता से कर कार्यवाही की गई। जांच के दौरान परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों, ऑटो रिक्शा और सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई। इसमें वाहनों के सभी दस्तावेजों की जाँच की गई जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन चालक के पास वाहन के अनुसार योग्य व वैध लाइसेंस की जाँच और वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार, वाहनों की परिस्थिति चलने योग्य है या नहीं आदि ऐसे सभी बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से जाँच की गई। उन्होंने बताया कि वाहनों की चैकिंग की जानकारी लगने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गई और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। इस दौरान जिन वाहन संचालकों द्वारा मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने और वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर ऐसे वाहनों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुये 8 वाहनों 600 रूपये का जुर्माना लिया गया जिसमें हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर 2 वाहनों पर चालानी कार्यवाही से 1000 रूपये का लिया गया जुर्माना शामिल है । उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को निर्देश दिये हैं कि अपने वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट शीघ्र लगवायें।

# वलनी क्रिकेट टीम ने जीता 51 हजार का प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

आदर्श क्रिकेट क्लब मोहगांव हवेलीद्वारा आयोजित टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरन के साथ किया गया।क्रिकेट प्रतियोगिता में वलनी और आदर्शटीम के बीच फाइनल मैच हुआ। जिसमें ग्राम वलनी ने फाइनल मैच जीतकर नया किताब हासिल किया। यह फाइनल मैच काफी रोमांचक हुआ। जिसमें आदर्श की ओर से वैभव वैद्य ने मात्र 12 गेंद में 36 रन बनाकर टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जिनके साथ संजय ने बखूबी निभाया टीम को छह ओवर में 63 रनों का लक्ष्य रखा था। जिसको वलनी की टीम ने मात्र 3.3 ओवर में मैच जीता आदर्श टीम की ओर से काफी खराब बॉलिंग के चलते यह मैच मात्रा 3.3 ओवर में खत्म हुआ।खिलाड़ी वाल्मीकि ओर से रामसिंह ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाकर मैच को काफी आसानी से जीत लिया । इस टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार विजेता वलनी को 51000 रुपए नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर बमहे पार्षद नितिन ढोबले द्वारा दिया गया,द्वितीय पुरस्कार 25000 रुपए आदर्श टीम, तीसरा इनाम 11000 सौसर टीम को दिया गया जिसमे आकाश कलंबे जुबेर अली विभव वैद्य अक्षय भांगे अंकुश उईके भीम पटवा उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री यादव के साथ पहुंचकर बंटी ने दाखिल किया नामांकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा के लिए भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, कैलाश विजयवर्गीय और केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल की उपस्थिति में बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कराया। वहीं इसके पूर्व विवेक बंटी साहू ने सुबह जामसावंली हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा की जनता को संबोधित भी किया। वहीं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के रिटर्निंग ऑफिसर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा सदस्य के निर्वाचन के लिये बुधवार को 17 अभ्यर्थियों द्वारा 19 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। इसमें 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2-2 और 15 अभ्यर्थियों द्वारा एक-एक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये हैं । वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी नकुलनाथ ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

### दीपक ने गले लगाकर किया भाजपा नेताओं का स्वागत

**छिंदवाड़ा।** बुधवार को रोहना में दीपक सक्सेना के घर मुख्यमंत्री और दो कैबिनेट मंत्रियों के साथ ही प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बीडी शर्मा भी पहुंचे। यहां दीपक सक्सेना ने खुद गले मिलकर और फूल माला पहनाकर नेताओं का स्वागत किया और पूरे परिवार ने भाजपा नेताओं की अगवानी की। अजय चुनमुन सक्सेना के भाजपा में जाने के बाद दीपक सक्सेना की स्थिति संशय की हो गई है। दीपक सक्सेना भी भाजपा में जाएंगे लेकिन अभी वक्त तय नहीं है। जैसा की अनुमान था कि बुधवार को मुख्यमंत्री के छिंदवाड़ा आगमन पर दीपक सक्सेना भाजपा का दामन थाम सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ हालांकि मुख्यमंत्री खुद दीपक सक्सेना से मिलने उनके घर पहुंच गए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा कैबिनेट मंत्री पहलाद पटेल और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जैसे दिग्गज नेता भी दीपक सक्सेना के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं की इस मेल मुलाकात से एक बात साफ हो गई है की अधिकृत रूप से भले ही दीपक सक्सेना भाजपा के नहीं हुए हैं लेकिन अब वह कांग्रेस के भी नहीं है। और कहीं ना कहीं भाजपा के प्रति प्रेम उनके 45 साल के विश्वास को डिगा रहा है। यह साफ हो गया है कि अब दीपक का साथ कमलनाथ से छूट चुका है। रोहना में लगभग आधा घंटा नेताओं ने दीपक सक्सेना से अकेले में चर्चा की।

### सिंगोड़ी पर पांच दिवसीय विशाल भंडारा का आयोजन



**सिंगोड़ी।** पंत श्री हुजूर सुरती स्नेही नाम साहेब जीवित समाधि स्थल सिंगोड़ी पर पांच दिवसीय विशाल भंडारा का आयोजन आज से शुरू हो गया है । यह भंडारा लगातार 16 वर्षों से समस्त ग्रामवासीय क्षेत्रवासी समिति के द्वारा किया जाता है जो रंग पंचमी तक चलता रहगा।गौरतलब है की सिंगोड़ी में कबीर पंथ के गुरु का जीवित समाधि स्थल है जहां पर कई वर्षो से जिले का प्रमुख मेला लगता है एवं कबीर पंथ के जीवित समाधि स्थल पर देश के विभिन्न राज्यों व जिले के कोने कोने से अत्यधिक कबीर पंथ के मानने वाले अनुयाई यहां आते हैं। तथा यह रंगपंचमी का मुख्य मेला शनिवार को लगेगा जो कोमी एकता के लिए भी जाना जाता है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.1 छिंदवाड़ा में पुस्तक उपहार का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 छिंदवाड़ा में कक्षा पहली से नवमी एवं 11वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ ही, केंद्रीय विद्यालय की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल के अंतर्गत विगत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी पुस्तक उपहार का आयोजन किया गया I जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय प्राचार्य और अपने शिक्षकों को अपनी पुरानी कक्षाओं की किताबें का सेट बनाकर भेंट किया I अब उन किताबों का वितरण विद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य किया जाएगा I विद्यालय प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवं उनका आह्वान किया कि आगामी दिनों में भी वे विद्यालय में किताबें उपहार में दे सकते हैं, जिनका उपयोग अन्य विद्यार्थियों द्वारा किया जा सकता है, जिससे कि पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी एवं मूल्यवान संसाधन की बचत संभव हो सकेगी।

# पुलिया से गिरकर हुई नशे में धुत नंदू की मौत

### होली त्यौहार पर पी रखी थी शराब, पुलिया के नीचे शव मिलने की पुलिस को मिली सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया



होली वाले दिन जहां एक ओर लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाने में व्यस्त थे , वहीं दूसरी ओर नंदू नाम का एक अधेड़ व्यक्ति नशे में धुत पुलिया से गिर गया और उसकी मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार धुरेंडी के दिन लगभग 5 बजे पुलिस को न्यूटन चिखली बस्ती वार्ड 2 की एक पुलिया के नीचे लाश पड़ी होने की सूचना मिली । इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को बाहर निकाला , जो कि कीचड़ से सनी हुई थी । घटना की सनसनी फैलने के बाद लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे । जिसमें से कुछ लोगों ने मृतक की पहचान न्यूटन वार्ड नंबर 13 के रहने वाले लगभग 55 वर्षीय नंदू के रूप में की । बताया जा रहा है कि मृतक अपने एक साथी के साथ लगभग 4 बजे न्यूटन नंबर 13 खदान के पीछे वाले रास्ते से होते हुए शराब पीने जा रहा था । मृतक पहले से ही खूब नशे में था । जो वार्ड 15 और वार्ड दो से लगी हुई रोड पर बनी पुलिया पर बैठ गया और संतुलन बिगड़ने के कारण पुलिया के नीचे से गिर गया । बताया यह भी आ रहा है कि सिर के बल गिरने पर उसकी गर्दन की हड्डी टूटने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई । बहरहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों की सौंप दिया और मामला विवेचना में ले लिया है ।

### मोहम्मद अबरार ने दुनिया को कहा अलविदा

**परासिया :** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव , कद्दावर नेता मोहम्मद अबरार ने बुधवार को दुनिया से अलविदा कह दिया । यह खबर जिसने भी सुना वह भौचक्का रह गया ।

# सिंगोड़ी में बिजली कटौती से ग्रामीण हलाकान

### मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की कटौती, आए दिन हो रही है बिजली की आंख मिचौली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिंगोड़ी

सिंगोडी नगर में इन दिनों ग्रामीणजन बिजली कटौती से बहुत हलाकान दिखाई दे रहे है जिससे बिजली की समस्या लगातार आए दिन बनी हुई है...यह समस्या नए साहब के आने से हो रही है जब से नए जे ई सिंगोड़ी आए हैं तब से यहां बिजली की समस्या बनी हुई है हालांकि साहब की शिकायत हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आज सुबह 6 बजे से ही बिजली बंद है और लोग गर्मी की उमस से दिन भर परेशान होते देखे गए सिंगोड़ी बिजली विभाग की घोर लापरवाही से क्षेत्र की जनता बहुत परेशान है ऊपर से जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते हैं विभाग ने लोगों की समस्याओं के लिए अधिकारी कर्मचारियों को सरकारी नंबर दिया है किंतु यह सरकारी नंबर सिर्फ दिखावा के लिए है जब भी लोगों द्वारा इनके नंबर पर फोन लगाया जाता है तो इनके फोन पर सिर्फ घंटी बजती है किंतु अधिकारी कर्मचारी फोन नही उठाते है जो कि जिम्मेदार अधिकारियों को शोभा नहीं देता।ग्राम में मेंटेनेंस के कार्य के नाम पर बिजली कटौती की जा रही है जिसकी मार ग्राम की जनता को भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या विगत कई महीनों से चली आ रही है विभाग द्वारा बताया जाता है कि बिजली मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है खंबे गिर गए है तार टूट गए है किंतु हकीकत कुछ और होती है बिजली बंद होने के कारण लोगो को उमस आदि की परेशानी का सामना करना पड रहा है जिससे विद्युत आपूर्ति को लेकर लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।कई विद्युत से संबंधी कार्य नही हो पा रहे है ग्रामीणों की मांग है कि जिस तरह बिजली की सप्लाई पहले मिलती थी उसी तरह वर्तमान में भी प्रदाय की जाए। पूर्व में पदस्थ जे ई के द्वारा अच्छी व्यवस्था बनाई गई किंतु नए साहब तो अपनी मनमानी पर लगे हुए है और आए दिन कभी भी विद्युत सप्लाई बंद करवा देते है जिससे लोगो को काफी परेशानी हो रही है ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए नही तो लोग आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव व अन्य मंत्रियों के सामने थामा भाजपा का दामन

# प्रभावशाली एवं प्रबुद्धजनों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



विकासवादी विचाराधारा वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भाजपा सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर शहर के प्रभावशाली एवं प्रबुद्धजनों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मध्यप्रदेश के लोकसभा प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, संभागीय प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव, पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले सहित जिला नेतृत्व के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री देवीलाल के पुत्र पंकज शर्मा, वरूण शर्मा, पूर्व सरपंच एवं पूर्व ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष उमेश ठाकरे, सन्जू इड़ाते, कांग्रेस आईटी सेल प्रदेश महासचिव दुष्यन्त दूबे, सुरजीत सिंग सेंगर, श्याम चन्द्रवंशी, उद्योगपति वीरेन्द्र सतीजा, आर्थोपेडिक डॉ. संजीव उप्पल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण नाहर, पूर्व पार्षद दीपक बिन्द्रा, व्यवसायी नरेन्द्र तनेजा, अश्वनी बिन्द्रा, राजकुमार पवार, सतीश शर्मा, अखिलेश खण्डेलवाल, राहुल गढ़ेवाल, एश्वर्य बड़ेरिया, सुमित दोईफोड़े, सचिन ताम्रकार, कलश काबरा, कमल सामरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजीतसिंग सलूजा, विपिन श्रीवास्तव, मेहमूद खान समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे ।छिंदवाड़ा ग्रामीण से पूर्व पार्षद कैलाश भारती, सुरजीत सेंगर, छिंदवाड़ा से संदीप पटेल गुरैया , पंच गुरैया अरविंद साबले, सरपंच थुनिया सुनील चन्द्रवंशी, इशुनाथ हिवसे, रंजीत चन्द्रवंशी, पूर्व सरपंच झण्डा मोहन साहू, पंच गुरैया कुलदीप कराड़े, पंच गुरैया पुरूषोत्तम अहेरवार, साबरबोह रामकिशन महाजन, कांग्रेस नेता वार्ड क्र. 47 अतुल गजभिये, प्रद्युम्न नामदेव, नीलेश धुर्वे, हरीश धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह, केबिनेट मंत्री सह क्लस्टर प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल के समक्ष बड़ी संख्या में जिलेभर से कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । जिनमें सौसर पूर्व पार्षद अशोक मानापुरे, सरपंच हरि धुर्वे, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमति आशा लाडे, पूर्व सरपंच जेठू पटेल, ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अंसार सिद्धीकी, सरपंच इकलेहरा साधना प्रेमदास आदि शामिल है।


In The Court Of District and Session Judge,District Court, Katni
Presiding Officer: श्री धरमिन्दर सिंह राठौड
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु).(RCA/0000138/2023)
पंकज कुमार तिवारी.........................वादी Vs
मध्य प्रदेश राज्य द्वारा कलेक्टर.............. प्रतिवादी
Process Id-686/2024
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 03/05/2024
(1) सचिव म.प्र. बनवासी सेवा मण्डल छिन्दवाडा पता- पता- वनवासी सेवा मंडल छिंदवाडा जिला छिंदवाडा म.प्र. छ.ग., छत्तीसगढ
यह कि प्रार्थी पंकज कुमार तिवारी ने आपके विरूद्ध न्यायालय श्री रमाकांत भारके, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड ढीमरखेडा जिला कटनी के व्यवहार वाद क्रमांक 22ए/19 पक्षकार पंकज कुमार तिवारी वि. म.प्र. राज्य द्वारा जिला कलेक्टर वगै. के निर्णय/डिकरी दिनांक 16-10-2023 में वादी द्वारा प्रस्तुत दावा खारिज किये जाने से, व्यथित होकर अपील अंतर्गत धारा 96 सी.पी.सी. में के लिए अपील संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें ।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 23 March 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
मुद्रा
न्यायाधीश
धर्मेंद्र सिंह राठौड
जिला कटनी (म.प्र.)

### तामिया के कक्ष क्रमांक 123 से आग लगने की हुई शुरुआत, रेंजर का नहीं है अपने कर्मचारियों पर नियंत्रण

# वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से जले सरई के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया रेंज जो प्राकृति द्वारा दिए गए ।हरे-भरे सरई के पेड़ों, के कारण अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं आने वाले पर्यटकों के लिए सदा से आकर्षण का केंद्र रहा है। क्योंकि सरई के पौधे तैयार नहीं किया जाते हैं। ये इसलिए भी अनमोल है। और निश्चित जगह पर ही सरई के पेड़ पनपते हैं। लेकिन तामिया रेंज के मुख्यालय के कक्ष क्रमांक 213 जो संरक्षित वन क्षेत्र है। इसमें करोड़ की फेंसिंग जाली एवं करोड़ के पौधारोपण किये जाने के बाद भी विभाग के नकारापन के कारण चंद पौधे ही आज नजर आते हैं। बावजूद इसके इस कक्ष में जंगल की कटाई एवं रेंजर द्वारा इसी क्षेत्र में अवैध फाड़ी तुडवाने एवं रेत का उत्खनन भी विभाग के निर्माण कार्यों में किया जा चुका है। और प्रतिदिन सैकड़ो हरे भरे पेड़ों की बली चढ़ी हैं। और जंगल का सफाया तेजी से हो जा रहा हैं। जो आसानी से देखा जा सकता है। लेकिन अभी वर्तमान में जंगल में आग न लग सके इसके लिए विभाग ने पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश सभी रेजरौ को दे रखे हैं। लेकिन तामिया में विभाग के आदेश निर्देश हवा में ही उड़ जाते हैं । और इन दिनों तामियां के इसी कक्ष में आग लगने की शुरुआत हो चुकी है। जिसकी वानगी तामिया से चौरा पठार की ओर जाने वाले जंगल में आग लगने के कारण प्राकृतिक द्वारा दिए गए सरई के पौधे इस आग में जलकर नष्ट हो गये। इस तरह वन विभाग के मैदानी कर्मचारी की लापरवाही और रेंजर का अपने ही कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं होने के नतीजा जंगल में लगी के कारण पौधों की बलि देकर भुगतना पड़ा। जब मुख्यालय एवं उनके ऐशो आराम के लिये बने विश्रामगृह से चंद कदम दूर ही जंगल की आग ग्रामीणों ने बुझाई तो अंदाजा लगाया जा सकता है । कि विभाग वन संपदा की रखवाली के लिए कितना सजग है। । कि तामिया रेंज भगवान भरोसे ही है। आला अधिकारियों को चौकीदार नाकेदार को जंगल की निगरानी के लिए जंगल में उतारना होगा। नहीं तो अभी गर्मी की शुरुआत है। आने वाले दिनों में अग्नि की घटनाएं और बढ़ सकती है।ईसे तुरंत रोकने की एवं पौधों को आग में जलने से बचाने के लिए कारगर कदम आला अधिकारियों उठाने होंगे। क्योंकि यहां का वन अमला अपने जंगल को बचाने में हमेशा नाकाम ही रहा है। जो जंगल की दशा देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है।

## नदी, नालों, स्टॉप डैम एवं सार्वजनिक जल स्त्रोतों का होगा सिर्फ घरेलू उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस पांढुर्ना कलेक्टर अजय देव शर्मा ने जिले की समस्त नदियों, नालों, स्टॉप डैम और सभी सावर्जजनिक जल स्त्रोंतो, शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों के पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोडकर अन्य कार्यों के लिए जल के उपयोग पर रोक लगा दी है। नया नलकूप खनन करना है तो राजस्व विभाग की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया जा सकेगा। ज्ञात हो कि शा. नलकूप से 150 मी. दायरे के भीतर नया नलकूप खनन नहीं होगा। निजी नलकूप खनन की गहराई खनित शा. नलकूप से कम होगी। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ म.प्र. पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दंडात्मक कारवाई की जाएगी। इस आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, अनु. अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समस्त फिल्ड स्तर के अधिकारी, कर्मचारी, सभी नगरीय निकायों के विभाग प्रमुख, समस्त जनपद पंचायतों के कि सीइओ तथा ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष क्षेत्र में सामान्य बारिश के बाद भी जलस्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। इस कारण जिले में संभावित भीषण जलसंकट के आसार देखते हुए कलेक्टर महोदय ने उक्त निर्णय लिया है।

**कलेक्टर के निर्देश तत्काल लागू**

## लोकतंत्र का त्यौहार मनाने निकली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

भारत निर्वाचन आयोग तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में स्वीप प्लान 2024 के तहत आनेवाले 19 अप्रैल को लोकंत्र का त्यौंहार जोर शोर मनाने तथा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए ग्राम मोरडोंगरी में भव्य मतदाता रैली का आयोजन हुआ। रैली में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के नारे सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो और लोकतंत्र की यही पुकार मतदान करें इस बार, 19 तारीख भूल ना जाना मतदान करने जरूर आना, बूढे हो या जवान, सभी करें मतदान, बहकावे में कभी ना आना सोच समझ कर बटन दबाना इत्यादि नारे लगाए। रैली भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने आपस में गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाते हुए एक दूसरे को बधाईयां दी ।



## नांदनवाडी में चला मोदीजी का राम गुलाल

**पांढुर्ना ।** विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी अंचल के ग्राम नांदनवाडी में गत दिवस मंडल प्रभारी उज्वल सिंह चौहान ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से बुथ विजय विषय पर विचार विमर्ष किया। इन्होंने मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से वन टू वन बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को मोदीजी का राम राम गुलाल लगाकर बैठक ली। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष कृष्णा सरेयाम, टीकाराम कोराची, पूर्व मंडल अध्यक्ष निरज चौहान एवं अनिल कुमरे, सीताराम कोरडे, दादाजी उर्के, रामाजी कुमरे, जिला पंचायत सदस्य ललिता कुमरे, सतिश सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य, जनपद सदस्य कमलेश उईके, सस्तीराम रामचंद्र उईके, कैलाश घागरे, मनोहर दंगे, झनक बुवाडे, संजय पाटिल, दिनेश इरपाची, हेमराज कोरडे देविदास परतेती, गोविंद धुर्वे, दिलीप जायसवाल, बबलू रायसने, महेश साहू, दीवाकर पराडकर, राजेश खपरे, कमलेश माटे, चंद्रकांत कवडेती, इमरत साहू, धनंजय खराटे, कैलाश साहू, सचिन पोहने, माणिक उईके तथा सुखिराम के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## वार्डों में गुलाल लेकर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष मालवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने धुलेंडी को मंगली बाजार में नागरिकों के साथ होली खेली। उनके घर पर फाग गायन और परंपरागत नृत्यों के साथ होली खेली गई । इसके बाद वे वार्ड में नागरिकों के घर रंग गुलाल के साथ पहुंचे। नागरिकों को होली की शुभकामनाएं दी । जन कल्याण की कामना की। वार्ड क्रमांक 21 में वे घर घर पहुंचे औरनागरिकों को रंगों से सराबोर कर उनके जीवन में भी रंग खुशियों के रंग घोलने की कामना की। गौरतलब है कि नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने परासिया के गुरु गोविंद सिंह चौक पर होली का रंगारंग आयोजन किया था। उसके बाद वे नागरिकों के साथ होली खेलने निकले। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा , कि उनके कार्यकाल में होली पर पानी के पूरे इंतजाम किए गए है। पर्वों को खुषियों और उत्साह के साथ मनाने की व्यवस्था की गई है।

### चुनावी उड़न दस्ते ने पकड़ी 60 पाव अंग्रेजी शराब

**चांदामेटा / परासिया** :- शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करने के लिए निर्वाचन अधिकारी की ओर से बनाए गए दलों के द्वारा लगातार मुस्तैदीअपननाई जा रही है । जिसके चलते चांदामेटा में होलिका दहन के दिन चुनावी उड़न दस्ते ने 60 पाव अंग्रेजी शराब पकड़ने में कामयाबी हासिल की। उड़न दस्ते के दल प्रभारी भरत गजबे , हल्का पटवारी अभिजीत धुर्वे एवम प्रधान आरक्षक अजय सिंह बैश द्वारा 25/03/2024 संत चावड़ा स्कूल रोड पर सावन पिता राजू डहरिया को बैग में 28 पाव एमडी व्हिस्की एवम 32 पाव जीनियस व्हिस्की अवैध रूप से ले जाते हुए पकड़ा । जिसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए बरामद माल और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

### स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया संकल्पित



**दमुआ।** म प्र जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखलेश जेन जी के निर्देशन एवं विकास खंड समन्वयक श्री संजय बामने जी के मार्गदर्शन मे नंवाकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना के तत्वधान मे आज दिनांक 26.03.2024 को ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति हरियागढ़ बूथ क्रमांक 129मे ग्राम वासियो के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष द्वारा लोगो को अपने बूथ मे 100% मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे ओर मतदान कर अच्छी सरकार बनाने हेतु बताया गया जिसमे मुख्य रूप से ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के संतराम यदुवंशी शिव कुमार बानवंशी , मोबइलाइजर सवीन सरेआम परामर्शदाता मुकेश यदुवंशी ओर ग्राम वासी आदि की उपस्थिति मे समन्न हुआ।

## मातम में बदलीं होली की खुशियां, लांजी के पौनी गांव में एक बालक की नदी में डूबने से मौत



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना अंतर्गत ग्राम पौनी के सोन नदी में नहाते समय एक नाबालिग बच्चे की पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे स्वजनों ने बच्चे को नदी से निकालकर सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत के बाद से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामला यह है की स्नान के दौरान सोन नदी में डूबे लगभग बारह साल के बालक को गांव में तलाशा जा रहा था। कुछ देर बाद उसका शव सोन नदी में मिला। परिजनों ने बताया कि ग्राम पौनी निवासी आदि मात्रे पिता हरी किशन मात्रे उम्र लगभग 12 वर्ष अपने घर से चार लड़कों के साथ खेलते हुए घर में बिना बताए ग्राम पौनी के समीप सोन नदी में नहाने गया था।जिसे कुछ समय ज्यादा हो जाने के कारण मृतक बालक के माता-पिता व्याकुल हो गए और उसे गांव में ढूंढने लगे कुछ देर में पता चला कि आदि सोन नदी में नहाने गया है तब आदि मात्रे के माता-पिता अपने परिजनों के साथ सोन नदी पहुंचे तो आदि नदी के दलदल में फंसा हुआ था जिसे नदी से निकलकर माता-पिता और परिजनों के द्वारा लांजी सिविल अस्पताल अपने स्वयं के वाहन से लाया गया जहां पर डॉक्टर ने 12 वर्ष के बालक आदि को मृत घोषित कर दिया । यह घटना सुबह लगभग 10.30बजे की है।जिसकी सूचना सिविल अस्पताल के कर्मचारि के द्वारा लांजी थाने में दी गई इसके बाद मृतक बालक का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। और लांजी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### जो जहां था उसने वही ली मतदान करने की शपथ

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान में हर एक मतदाता को मतदान का दिन और समय बताने के प्रयास किये जा रहे है। अभियान में शामिल अमले द्वारा जो मतदाता जहां मिला उन्हें वही मतदान के लिए प्रेरित किया गया। प्रेरित करने में लिए मतदान की शपथ दिलवाई गई। मंगलवार को जनपद किरनापुर में मनरेगा मजदूरों से लेकर गाँवो की गलियों, शासकीय उचित मूल्य दुकानों और स्वास्थ्य केंद्र, पंचायतों और आंगनवाड़ियों तक पहुँच बनाई है। अभियान में मतदान दिवस 19 अप्रैल और बैहर, परसवाड़ा लांजी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक और बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, बरघाट व सिवनी में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

### प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश देता है होली पर्व - विवेक पटेल

## विधायक विवेक विक्की पटेल ने जमकर खेली होली



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह व उमंग का पर्व होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वही डी जे की धुन पर लोग थिरकते नजर आये और जमकर रंग खेले। सुबह से ही लोग अपने घरों की छतों पर गुब्बारों में रंग भरकर आने-जाने वाले लोगों पर बरसा रहे थे। बच्चों की टोलियॉ रंगों से भरी पिचकारी लेकर सडक़ पर आने-जाने वाले लोगों पर रंग डालते हुए नजर आये। वहीं पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी के साथ नगर के चौक चौराहों पर शराब पीने वालों व हुड़दंग करने वालों पर चालानी कार्यवाही कर रही थी। जिससे कोई अप्रिय घटना ना हो।

होली के अवसर पर विधायक विवेक पटेल के निवास स्थान पर होली खेलने के लिए नागरिकों व कांग्रेसजनों का जमावड़ा लगा रहा। इस मौके पर कांग्रेसजनों के साथ ही भाजपा के नेता व कार्यकर्ता, नगरपालिका के कर्मचारियों व नागरिकों ने विधायक श्री पटेल के घर पहुच कर उन्हें होली की शुभकामनाएँ देते हुए गुलाल लगाया। वहीं श्री पटेल द्वारा भी उन्हें होली की शुभकामनाएँ देते हुए मिठाई से उनका मुँह मीठा करवाया गया।

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने होली पर्व पर नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जीवन की आखिरी सांस कौन सी हैं? यह पता नहीं होता। इसीलिए किसी के लिए मन में द्वेष की भावना नहीं होनी चाहिए। होली का पर्व हमें भाईचारा सिखाता हैं, होली का पर्व हमारी गौरवशाली परम्परा, विविधता, संस्कृति का प्रतीक हैं। होली का पर्व अधर्म, असत्य एवं अन्याय से लडऩे की

## जाम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सादगीपूर्वक खेली गई होली



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जाम में बड़े ही सादगी पूर्वक संपन्न हुआ होली भारतभर में मनाया जानेवाला यह रंगरंगीला त्योहार होली और रंगपंचमी, प्यारभरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय व जाति के बंधन खोलकर भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर गले लगते हैं और एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन और तत्पश्चात रंगों का त्योहार होली मनाया जाता है। होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है जिसे हर धर्म" के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं।होली के दिन सुबह से ही बच्चों में खासा उमंग देखा गया। एक और जहां घर की महिलाएं पुआ पकवान बनाने में जुटी थी वहीं दूसरी ओर घर के बड़े-बुजुर्ग एक दूसरे को बधाई देने में व्यस्त दिखे । युवाओं की तो पौ बारह थी । युवा वर्ग कहीं डीजे में होली की बॉलीवुड भोजपुरी गीत में थिरक रहे थे तो कहीं ढोल मंजीरा लेकर युवाएं अपने पुरखों की यादें ताजा कर रहे थे। वही युवतियां भी किसी से कम नहीं थी। वे लोग भी अपने अंदाज में होली का जश्न मनाया। होली को लेकर वहीं अनुसार, रंग-गुलाल का त्योहार होली व सबे बरात सौहार्द व आपसी भाईचारे के बीच संपन्न हो गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ उमंग व उत्साह का त्योहार होली क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र में बच्चे, नौजवान व बुजुर्ग सभी टोली बनाकर होली खेलते नजर आए।

## उत्साह उमंग के साथ मनाई गई होली : बस स्टैंड में वैदिक होली का किया गया दहन, जमकर उड़ा रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



अंधकार पर अच्छाई की जीत और पारंपरिक हिंदू बसंत त्योहार होली का पर्व रविवार की रात शुभ मुर्हुत पर साढ़े 10 बजे होलिका दहन के साथ शुरू हुआ. कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के गांव-कस्बों से लेकर छोटे-बड़े टोलों में परपंरा अनुसार होलिका दहन की गई. शहर के बस स्टेण्ड में गाय के गोबर से बने 21 सौ उपले और 51 जड़ी बुटियों से निर्मित वैदिक होली जलाई गई. इसके साथ ही सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल का तिलक लगाकर इस त्यौहार की बधाई दी. दरअसल, होली का त्यौहार अपनी सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं के कारण बहुत प्राचीन काल से मनाई जा रही है. होली के पर्व को लेकर कई अलग-अलग कहानियां है लेकिन इन सब में होलिका दहन की एक कहानी खुब प्रचलित है. यह कथा हिरण्यकश्यप की बहन होलिका और भगवान विष्णु के अन्नय भक्त प्रह्लाद से जुड़ी हुई है. यह कहानी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. यही कारण है कि होली से एक दिन पहले होलिका दहन मनाया जाता है. होलिका दहन पर लोग अपनी नकारात्मकता जलाते हैं।

05 दिवसीय रंगों के त्यौहार होली को क्षेत्र में बेहद धूमधाम, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है. सोमवार को कटंगी क्षेत्र में आमजन ने जमकर रंग-गुलाल खेला गया. होली को लेकर खासतौर से बच्चों में बेहद उत्साह नजर आया. युवाओं ने गुलाल लगाकर सूखी होली खेली. छुट-मुट की घटनाओं को छोड़कर तमाम जगहों पर सारे गिले-सिकवे भूलाकर सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की बधाईयां दी. सुबह से ही बच्चे, युवाओं और महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाना शुरू कर दिया था. शहर के गली मोहल्ले व चौराहों पर डीजे साउंड बजाकर लोगों ने होली के गीतों पर जमकर डांस किया. 'रंग बरसे.... सहित अन्य होली गीतों पर हर वर्ग के लोग जमकर नाचे. होली में शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस भी गांव-गांव में गश्त करते हुए नजर आई. पुलिस ने विशेष पेट्रोलिंग टीम बनाकर गांवों में दौरा किया. होली की उमंग और उल्लास का रंग... गांव गलियों में घूमती युवाओं की टोलियां. बाजे की थाप पर फाग गीतों की मस्ती में झूमते युवा, बुजुर्ग और बच्चे. रंगों के त्योहार होली पर तमाम गांव की गलियों में यही नजारा देखने को मिला. सतरंगी रंगों के पर्व होली के दिन लोग रंगों में सराबोर नजर आए. वहीं लगातार 48 घंटों तक सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में जुटी पुलिस ने मंगलवार को थाना परिसरों में होली खेली. कटंगी और तिरोड़ी थाने में पुलिस कर्मियों ने स्टॉफ के साथ जमकर होली खेली।

## क्षेत्र में गेहूं की कटाई में जुटे किसान, बेमौसम बारिश की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज खमरिया।



जप लालबर्रा के अंतर्गत ग्राम खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में गत दिवस तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई थी जिसके बाद अब क्षेत्रीय किसानों ने अपनी खेतों में खड़ी गेहूं, चना सहित अन्य फसल को बारिश से बचाने के लिए जद्दोजहद करने के साथ ही उनकी कटाई कर उसे सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा हैं। वहीं बेमौसम होने वाली बारिश के डर से किसानों द्वारा खेतों में तैयार गेहूं फसल की कटाई कर व्यवस्थित किया जा रहा हैं एवं बची हुई चना, अलसी व लखोड़ीकी फसल को भी व्यवस्थित किया जा रहा हैं।

### होली मिलन में महिलाओं ने गाये मतदान के गीत

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जिले में जोरो पर है। होली पर्व के दौरान भी मतदाताओं से जुड़ने के पूरे प्रयास जारी रहे। लांजी जनपद के बिसोनी गांव में महिलाओं ने होली मिलन का आयोजन रखा। आयोजन में महिलाएं एकत्रित हुए और रंग खेलने के बहाने मतदान की शपथ ली गई। साथ ही मिलन में महिलाओं ने मतदान गीत भी गाये।

## क्षेत्र के सौन्दर्य में आया निखार : पलाश के पेड़ों पर खिले केसरिया फूल

हरिभूमि न्यूज खमरिया।



जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया व उसका आसपास का क्षेत्र नैसर्गिक सौन्दर्य से भरा पड़ा हुआ हैं। बसंत ऋतु की शुरुआत होते ही पलाश के पेड़ों में केसरिया रंग के फूल भारी संख्या में आने से अब क्षेत्र में और भी सौन्दर्य निखर गया हैं।

क्षेत्र के आसपास के परिसर में पलाश के केसरी चटक रंग के फूलों से क्षेत्र के आकर्षण में वृद्धि हो गई हैं। मार्ग के दोनों ओर पलाश के पेड़ों में लगे हुए फूल दहकते हुए अंगारों के समान सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। पलाश के फूलों से छोटे बच्चे खूब मस्ती करते हैं। इन फूलों से रंग तैयार कर बच्चे रंगपंचमी पर उसका उपयोग करते हैं। पलाश के फूल वर्ष भर में एक बार ही पेड़ो पर लगते है, जो अत्यंत लुभावने होते हैं। लाल केसरी रंग के पलाश के फूल सब तरफ दिखाई दे रहे हैं। इसी में पलाश की एक डाली पर भौरे पराग चखने के आनंद के साथ मंडरा रहे हैं। पाश के पेड़ आयुर्वेदिक वनस्पति औषध के रुप में भी उपयोगी होते हैं। ये बहुगुणी पलाश के पेड़ फिलहाल नैसर्गिक सौन्दर्य की छटा बिखेर रहे हैं।



# सेही का शिकार करने वाले चार आरोपी को वन अमले ने किया गिरफ्तार

**जिले के लखनादौन वन परिक्षेत्र में वन्य प्राणी सेही का शिकार करने वाले चार आरोपितों को वन अमले ने गिरफ्तार किया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रकरण में शामिल एक अन्य फरार आरोपित की तलाश की जा रही है। सेही का शिकार करने के बाद आरोपित उसके शरीर में लगे कांटे निकालकर मांस पकाकर खाने की फिराक में थे। इसी बीच वन विभाग के अमले ने दबिश देकर आरोपितों को दबोच लिया।



लखनादौन उपवनमंडल अधिकारी गोपाल सिंह ने बताया कि रविवार शाम मुखबिर से मिली सूचना पर नारायणटोला स्थित आरोपितों के निवास पर घेराबंदी कर दबिश दी गई। मौके से वन्यप्राणी सेही का शव बरामद कर वन अमले ने चार आरोपितों को हिरासत में लिया है। कार्रवाई की भनक लगते ही एक आरोपित अनबर पुत्र कादर खान मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपितों में नारायण टोला निवासी प्रीतम पुत्र धनसिंह यादव, दशरथ पुत्र धनीराम मर्सकोले, अल्फाज पुत्र सुमान खान शामिल हैं। चारों आरोपितों को वन विभाग ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित लखनादौन कार्यालय का स्टाफ एवं उड़नदस्ता दल शामिल रहा। उपवनमंडल अधिकारी गोपाल सिंह ने बताया कि आरोपितों ने सेही का शिकार कैसे किया है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पूछताछ में आरोपितों ने कुत्ते की मदत से सेही को घेरकर शिकार करने की बात कबूल की है। एसडीओ ने बताया कि सेही का मांस खाने की नियत से आरोपितों ने वन्यप्राणी का शिकार करने की बात कही है। वन अपराध दर्ज कर मामले में विस्तृत जांच की जा रही है।

# पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले वाहनों के बनाए चालान, 3 स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार होली पर्व को मद्देनजर रखते हुये एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये हुडदंग करने वाले लोगो एवं फरार स्थाई वारंटीयों की धरपकड एवं तीन सवारी व तेज आवाज सायलेसंर लगे मोटर सायकलों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे जो होली पर्व पर दौरान स्टाफ के चेकिंग लगाकर मोटर सायकलों को चेक किया गया जिसमें तेज साऊंड वाले सायलेंसर लगे तीन मोटर सायकल पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्वयाही की गई एवं तेज साऊंड वाले लगे सायलेंसर को खुलवाया गया । इसी तारतम्य में पूर्व से थाना कोतवाली के फरार तीन स्थाई वारंटी (1) माननीय न्यायालय सुश्री रंजना डोडवे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के न्यायालय के प्रकरण क्र 1209/16, अप.क्र 253/16 धारा 294,323,324,325,506 भादवि में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटी दुर्योधन पिता दसाराम ठाकरे उम्र 54 वर्ष नि. पांलिटेक्निक कालेज के पीछे अकबर वार्ड सिवनी । (2) माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवनी के प्रकरण क्र. 84/17, अप.क्र. 469/17 धारा 294,506,448 ताही में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटी आनंद पिता भोपालसिंग बघेल उम्र 30 वर्ष नि. ग्राम ढेंकी थाना लखनवाडा । (3) माननीय तनू गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से प्रकरण क्र. एससीएनआईए 25/2019 धारा 138 एनआईए में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट के स्थाई वारंटी दुर्गाप्रसाद अग्रवाल पिता टीकमचंद अग्रवाल उम्र 40 वर्ष नि. छिंदवाडा रोड गणेश मदिर के आगे तिवारी होटल के सामने गली में रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी । उक्त वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। विशेष भूमिकाः- निरी. सतीश तिवारी, सउनि जयदीपसिंह सेंगर, प्रआर. मुकेश विश्वकर्मा, आर. सतीश इवनाती, आर. राजू भलावी, आर. इरफान, आर. प्रतिक बघेल, आर. अमित रघुवंशी, आर. नितेश राजपूत, महिला आर. फरहिन खान व अन्य चीता स्टाफ रहे।

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया ऑटो, चालक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक सड़क हादसा हो गया। जहां अनियंत्रित होकर ऑटो डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रात्रि के समय सिंधी कॉलोनी बाइपास के समीप तेज गति से एक ऑटो जा रहा था। जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा गुस्सा। जिसके कारण चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## पेड़ पर लटका मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खण्ड घंसौर के शिकार क्षेत्र में झाड़ियां के बीच पेड़ पर एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव फंदे पर लटकते मिला। जिसके के बाद जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कुछ लोग आज सुबह के समय जंगल तरफ जा रहे थे। जहां पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटकते दिखाई दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर थाना अंतर्गत भुरकलखापा टोल टैक्स के समीप अनियंत्रित होकर एक 16 चक्का ट्रक पलट गया। हादसे में चालक व सह चालक घायल हो गए।घटना की जानकारी क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से घायल सीधी जिले के गंगई निवासी राजभान पुत्र वीरभान यादव 35 व खुशदिल यादव पुत्र अंबिका प्रसाद यादव 20 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर में भर्ती कराया गया। दोनों ट्रक में सीमेंट भरकर रायपुर से भोपाल जा रहे थे।
वुरकल खापा के समीप हादसे में घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है।साथ ही मामला दर्ज कर लिया है।

## 2 पक्षों में विवाद:4 लोग घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले मेहता ग्राम में सोमवार के समय आपसी रंजिश के चलते 2 पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें 4 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने घंसौर पुलिस और 108 वाहन में दी।

# होली का त्यौहार मनाने दिल्ली से घर लौटकर आया युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत

जिले के उगली थाना क्षेत्र में वैनगंगा नदी के गहरे पानी में डूबने एक युवक की मौत हो गई। गोरखपुर गांव निवासी मृतक पंकज पुत्र कुंवर चावले (23) अपने दो दोस्तों के साथ 25 मार्च सोमवार को होली धुरेड़ी पर्व पर गांव के नजदीकी टाटी घाट में नहाने गया था। नहाने के दौरान वैनगंगा नदी की गहराई में पहुंचने से युवक पानी में डूब गया। उगली थाना प्रभारी सदानंद गोदरे ने बताया कि घटना की सूचना युवक के साथ गए मित्रों ने स्वजनों व उगली पुलिस को दी। इसके बाद सिवनी जिला मुख्यालय से एसडीईआरएफ के प्रषिक्षित तैराकों और गोताखोरों को तलाषी अभियान शुरू करने वैनगंगा नदी में उतारा गया। करीब 26 घंटे बाद 26 मार्च मंगलवार दोपहर मृतक का शव नदी के पानी से बाहर निकाला गया। पोस्ट मार्टम के बाद शव पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी गोदरे ने बताया कि घटना स्थल से करीब 20 मीटर के दायरे में युवक का शव गोताखोरों को नदी की गहराई से निकाला है। सोमवार को बचाव अभियान के दौरान युवक को खोजने का प्रयास किया गया। लेकिन युवक का सुराग नहीं लगा। मंगलवार को एसडीईआरएफ के अलावा बालाघाट के समनापुर से बुलाए गए गोताखोरों, स्थानीय तैराकों के 15 सदस्यीय दल ने नदी में सर्चिंग अभियान पुनः प्रारंभ किया, जहां दोपहर करीब 2 बजे मृतक का शव रेस्क्यू कर पानी से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार षिक्षक कुंवर चावले का पुत्र पंकज दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में कार्यरत था, जो होली की छुट्टी मनाने गोरखपुर गांव लौटा था। मृतक की बड़ी बहन और एक भाई है। पंकज की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं त्यौहार का उल्लास मातम में तब्दील हो गया है।



# शास्त्री वार्ड में धूमधाम से मनाया गया होलिका दहन एवं होली का त्यौहार

**सिवनी नगर के बारापत्थर स्थित गहलोत भवन के पीछे शास्त्री वार्ड में वार्ड वार्डवासियों द्वारा धूमधाम से होलिका दहन एवं होली का त्यौहार मनाया गया**

होलिका दहन के समय वार्ड वासियों द्वारा होलिका दहन पूजन अर्चन पश्चात किया गया एवं साउंड बॉक्स में होली के गीत बजाकर महिलाओं एवं पुरुषों ने नृत्य कर होली का आनंद लिया

## जरूरतमंदों के बीच उपहार बांट मनाई गई होली

**केवलारी।** नगर परिषद के मुख्य मोक्षधाम क्षेत्र के जरूरत मंद बच्चों के बीच भगवान भोलेनाथ प्रतिमा प्रांगण में मोक्षधाम कायाकल्प समिति द्वारा नगर थाना प्रभारी श्री चैन सिंह उइके, समाजसेवी पवन यादव,पत्रकार द्वय प्रवीण दुबे, राहुल श्रीवास्तव,दंत चिकित्सक डाक्टर विकास दुबे, राहुल जंघेला ,जयदीप दुबे, सुधीर मुंजारे की गरिमामयी उपस्थिति में रंग गुलाल, पिचकारी, मुखौटा एंव बिस्किट्स का वितरण किया गया,ज्ञात होवे कि मुख्य मोक्षधाम क्षेत्र के जरूरत मंद बच्चों को यहां की मोक्षधाम कायाकल्प समिति द्वारा दीपावली, रक्षाबंधन और होली जैसे त्योहारों में उपहार वितरित करती है साथ ही यहां गणेश प्रतिमा की स्थापना,फाग, महिला मंडली के कार्यक्रम समिति द्वारा किए जाते हैं, समिति द्वारा पर्यावरण के प्रति प्रेरणा स्वरूप अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में पौधारोपण कराने के लिए प्रेरित करती है साथ ही असहाय एवं गरीब तबके के परिवारों में असमय होने वाली मृत्यु पर अंतिम संस्कार सामग्री उपलब्ध कराती है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, फसल जलकर हुई राख

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अज्ञात कारणों के चलते गांव जैतपुरखुर्द में सुबह लगभग 9 बजे खेत में लगी फसल जल गई। गांव के बलराम तिवारी व ज्ञानचंद सनोडिया के खेत पर अज्ञात कारणों के चलते खेत में लगी लगभग तीन एकड़ खेत में लगी फसल जलकर नष्ट हो गई साथ ही सिंचाई के उपकरण भी जल गए। इस मामले में किसान ने बताया कि इसकी सूचना संबंधित अधिकारी पटवारी को देने के बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## जिले में धूमधाम से मनाया होली पर्व:आचार संहिता के चलते दिखी पुलिस की सख्ती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** होली पर्व बड़े ही उत्साह से मनाया जा रहा है। सुबह से लोग एक दूसरे को गुलाल और रंग लगाते रहे। शाम 5:30 तक होली के गीतों में लोग थिरकते नजर आए। इसी के साथ पांच दिवसीय रंगोत्सव पर्व मनाया जाएगा। लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के चलते पुलिस भी सख्त रही। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। दिनभर पुलिस की हुडदंगियों पर विशेष नजरें बनी रही।

## अवीरा सिंह ठाकुर ने प्राप्त किया एक्सीलेंट ग्रेड

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सेंट फ्रांसिस स्कूल (संदेश सदन) में अध्ययनरत छात्रा कुमारी अवीरा सिंह ठाकुर ने यूकेजी की वार्षिक परीक्षा एक्सीलेंट ग्रेड से उत्तीर्ण की है। साथ ही होनहार छात्रा कु. अवीरा ने नर्सरी की शुरुआत से ही यूकेजी तक स्कूल की विभिन्न प्रतियोगिताओं जिसमें डांस, ड्राइंग, फैंसी ड्रेस तथा सॉन्ग कंपटीशन में हिस्सा लेकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में लक्ष्मीबाई के परिधान में उन्होंने सबका मन मोह लिया था। स्कूल द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया है। यहां यह उल्लेखनीय होगा कि कुमारी अवीरा सिंह ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सिवनी की पैरा- लीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी- जितेन्द्र सिंह की सुपुत्री हैं।

# कलेक्टर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की निर्वाचन एवं फसल नुकसानी के सर्वे कार्यों की समीक्षा

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारियो एवं तहसीलदारों की बैठक लेकर निर्वाचन कार्यों एवं फसल नुकसानी अंतर्गत राहत राशि वितरण की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्री सिंघल ने विधानसभावार ई-पिक



एवं मतदाता पर्ची के वितरण की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी,शौचालय सहित सभी जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने होम वोटिंग के लिए पात्र 85 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ कलेक्टर श्री सिंघल ने सेक्टर अधिकारियों, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण तथा मतदान सामग्री वितरण वापसी, परिवहन रूट-चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने विगत 16, 17, 18 एवं 19 मार्च को हुई असमायिक वर्षा के दौरान हुई फसल क्षति के सर्वे कार्यों की भी समीक्षा कर लखनादौन, छपारा, सिवनी, धनौरा एवं केवलारी के प्रभावित ग्रामों में शीघ्र सर्वे पूर्ण कर प्रभावित किसानों की जानकारी तैयार रखने के निर्देश दिए ताकि आयोग स्तर से अनुमति मिलने पर राहत राशि का वितरण सुनिश्चित कराया जा सके।

## कलेक्टर श्री सिंघल ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने घंसौर विकासखण्ड के विभिन्न प्रस्तावित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, रैम्प की उपलब्धता के साथ ही पहुंचमार्ग का आवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री बिसन सिंह को दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से संवेदनशील मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी लेकर भी आयोग के दिशा-निर्देशानुसार इन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री बिसन सिंह, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए छः आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर सिवनी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के निर्देश दिए जाने के बाद से आबकारी विभाग सिवनी द्वारा लगातार गश्त और छापामार कार्यवाही की जा रही है। अवैध शराब पर रोक लगाए जाने के लिए आबकारी विभाग सिवनी द्वारा अवैध शराब के अड्डों पर छापामार कार्यवाही की गई। जिसमें मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम,1915 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कुल छः आपराधिक प्रकरण कायम किये। जिसमें कुल 25 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब, 89 पाव देशी शराब, 21 पाव भारत निर्मित विदेशी मदिरा एवं 17 बोतल बीयर बरामद कर जप्त किया गया है। जप्त शराब की



कुल मात्रा 52 लीटर है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग सत्रह हजार रुपये है।
कार्यवाही में वर्षा पत्नी रोहित कुचबुंदिया निवासी गंजवार्ड सिवनी , राजेन्द्र आत्मज गोकल प्रसाद निवासी कंडिपार सिवनी , गोलू आत्मज रामचरण निवासी ग्राम सैला थाना बरघाट संतोष आत्मज रामदयाल निवासी ग्राम अँखिवाड़ा थाना बरघाट , प्रेमी आत्मज बसंत निवासी मलहनवाड़ा थाना केवलारी एवं तोपसिंह आत्मज मानकलाल निवासी ग्राम खूँट थाना बरघाट के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। कार्यवाही में शहर , उत्तर और दक्षिण वृत्त का कार्यपालिक स्टॉफ शामिल रहा।

# बेरिकेट्स और मंच आदि का खर्च प्रत्याशी के खाते में जुड़ेगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कोई भी राजनैतिक नेता दलीय प्रचार से हटकर किसी अभ्यर्थी के पक्ष में प्रचार-प्रसार करता है तब उस कार्यक्रम पर किया गया व्यय उम्मीदवार के खाते में डाल दिया जायेगा। दलों और आयोजकों के द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रम सुरक्षा प्रबंध को ध्यान में रखते हुए सरकारी एजेन्सियों द्वारा बैरीकेट या मंच इत्यादि का निर्माण किया जाता है, तब उस निर्वाचन क्षेत्र से लड़ रहे उम्मीदवार के खाते में व्यय डाला जायेगा। यदि उस कार्यक्रम में अन्य क्षेत्र के अभ्यर्थी भी सम्मिलित होते हैं तो उनका व्यय भार समान रूप में बांटा जायेगा। बेरीकेट या मंच आदि पर सरकारी एजेन्सियों द्वारा किये गये व्यय की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तीन दिवस में उम्मीदवार को दी जायेगी जिसे उनके खाते में डाला जाएगा। जब उम्मीदवार, राजनैतिक नेता अथवा आयोजक स्वयं के खर्चे से मंच अथवा बेरीकेट का निर्माण करता है तो उस कार्यक्रम में उपस्थित उम्मीदवार के खाते में राशि दर्शायी जायेगी इस राशि का सत्यापन नामित अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

## वेबसाईट पर भी देख सकते हैं नाम निर्देशन पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों के शपथ पत्र

लोकसभा निर्वाचन में अभ्यर्थियों द्वारा भरे जाने वाले नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र फार्म 26 का आयोग के निर्देशानुसार चिन्हित स्थानों एवं वेबसाइट में प्रदर्शित किया जा रहा है।

## ईव्हीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई

# पहले चरण के प्रशिक्षण में 1320 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मतदान दल में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों को पहले चरण का प्रशिक्षण 26 मार्च से उत्कृष्ट स्कूल एवं शासकीय महाविद्यालय सिवनी में प्रारंभ हुआ। बुधवार 27 मार्च को 1320 पीओ और पी 01 अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान कर्मियों को उनके कार्यों, दायित्वों की जानकारी देने के साथ-साथ मास्टर ट्रेनर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं व्हीव्हीपेट मशीन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई । सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को मतदान की प्रक्रिया की बारीकियां बताई तथा

## सभी आयु वर्ग एवं क्षेत्र के मतदाताओं को जोडते हुए लगातार जारी है मतदाता जागरूकता गतिविधियां





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिलें में हर आयु वर्ग एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र के अधिकतम मतदाताओं की मतदान दिवस में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल तथा स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार के निर्देशन में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधि संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में सम्पन्न हुए होली पर्व की थीम पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ढोल-नगाड़े की थाप तथा लोक गीतों के लय में मतदाता जागरूकता गीतों का गायन कर आम जनों को आगामी 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ-साथ स्कूल कॉलेजों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करते हुए नवमतदाताओं को जोडने के प्रयास वृहद स्तर पर किए जा रहे हैं।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी बुधवार 27 मार्च 2024 लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 का प्रशिक्षण शासकीय पीजी कालेज एवं उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में मंगलवार 26 मार्च 2024 को आयोजित किया गया था। आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने 7 कर्मचारी क्रमशः श्री शिवदयाल ऐडे.सहायक शिक्षक कन्या उ. मा. वि. बरघाट, श्री प्रकाश सिंह चौरे सहायक शिक्षक कन्या उ. मा. वि. बरघाट, श्रीमति सुषमा साहू कन्या हाई स्कूल छपारा, श्री वारिश खान मा.शि. हाई स्कूल देवरीकला, श्री अजेन्द्र ठाकुर सहायक शिक्षक कार्यालय विकासखण्ड अधिकारी धनौरा, श्री रामफल धुर्वे प्राथ. शि. हाईस्कूल बरेला एवं श्री शिवकुमार तनोजिया वन क्षेत्रपाल उत्तर सिवनी सामान्य वनमण्डल को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाकर 3 दिवस में जबाव चाहा गया है। समय-सीमा में संतुष्टी पूर्ण जवाब प्रस्तुत न करने पर संबंधितों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### 1 अप्रैल से होगा नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ

**बालाघाट।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 22 मार्च को जारी पत्रानुसार नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 में शिक्षा के लोकव्यापीकरण के लिये शत प्रतिशत विद्यार्थियों का विद्यालयों में प्रवेश एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करना है। वर्ष 2024-25 का अकादमिक सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया जायेगा जिसका उद्देश्य सत्र के प्रारंभ से ही विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित एवं भाषा विषय की कठिन अवधारणाओं का अभ्यास कराना है। जिसके माह जून से पाठ्यक्रम अनुसार पढाई में कोई कठिनाई न हो। इस व्यवस्था से छात्रों में अध्ययन अध्यापन के प्रति निरंतरता बनी रहेगी। 1 अप्रैल को प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में विशेष बाल सभा का आयोजन किया जायेगा व विशेष भोज (मध्यान्ह भोजन) का भी आयोजन किया जायेगा।

### सामान्य और व्यय प्रेक्षक पहुँचे संसदीय क्षेत्र में

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की समस्त तैयारियों और प्रशासनिक राजनीतिक प्रचार प्रसार की निगरानी के लिए बालाघाट संसदीय सीट के लिए प्रेक्षक नियुक्त किये है। आयोग ने संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में श्री शुभ करण सिंह और व्यय प्रेक्षक के लिए श्री अरविंद कुमार को नियुक्त किया है। निर्वाचन कार्य से सम्बंधित शिकायत व समस्या होने पर कोई भी व्यक्ति प्रेक्षकों से सुबह 10 बजे से 11 बजे के बीच मुलाकात कर सकते है। सामान्य प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह का अस्थायी निवास सर्किट हॉउस क्रमांक 01 में है।

### स्वस्थ होने के बाद जरूर करेंगे मतदान

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हर विभाग अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं तक पहुँचने के प्रयास कर रहे है। मंगलवार को जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के साथ ही रोगियों को भी मतदान करने की शपथ दिलाई गई।मरीजों ने भी स्वस्थ होकर लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाने की शपथ ली।

# मोदी को देश की बागडोर सौंपने के लिए जुट जाएं : सीएम





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को लगभग आधा घंटे का रोड-शो किया है और भाजपा प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा।

शाम होने से हेलिकाप्टर उड़ने के समय के मद्देनजर सीएम डॉ. मोहन यादव ज्यादा समय नहीं दे सके। लेकिन जिले की जनता और भाइयों बहनों की जयकार करते हुए कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि जब तक वह प्रत्याशी को जीता नहीं देते हैं, चैन से नहीं बैठेंगे।

27 मार्च को नामांकन के अंतिम दिन, नामांकन जमा करने के बाद भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी की चुनावी रैली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक मुनमुन राय, भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, विधायक गौरव पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा नेत्री लता ऐलकर सहित संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में बालाघाट पहुंचे बालाघाट और सिवनी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिले में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव का आगाज करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिर मिलने का वादा करते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की बागडोर सौंपने, कार्यकर्ता प्रदेश की 29 सीट दिलाने का संकल्प करें और तब तक चैन से ना बैठे, जब तक भाजपा को वोट नहीं दिला देते। भाजपा प्रत्याशी के लिए पूरा समय निकालकर जुट जाए।

### जीतू पटवारी ने की चुनावी सभा...

# चुनावी चंदे को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कालाधन, जनता से मांगा आशीर्वाद



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट पहुंचे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने मोदी और डॉ. मोहन यादव की सरकार को जमकर घेरा। इस दौरान जनता को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस लोकतंत्र और देश को बचाने और न्याय दिलाने वाली पार्टी है।

हम युवाओं, महिलाओं, किसानों, सैनिकों, गरीब, पिछड़ों, अति पिछड़ों से वादा करते है कि उनके साथ न्याय किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 2014 से प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे हैं। दो करोड़ युवाओं को रोजगार नहीं मिला। यह है मोदी की गारंटी, कालाधन आएगा और सबके खाते में 15-15 लाख रुपाए आएगा। स्विस बैंक की लिस्ट आ गई, स्टेट बैंक की लिस्ट आ गई। सरकार में ईडी से छापे मारे और उनसे सबसे ज्यादा चंदा लिया। यह कालाधन नहीं है, तो क्या है, जवाब दे।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि लोकसभा में 27 सौ रुपाए गेंहू और 31 सौ रुपए धान का समर्थन मूल्य और बहनों को 3 हजार कब देंगे। किस बात के वोट लिए है आपने। उन्होंने जनता को बताते हुए कहा कि भाजपा, झूठ बोलती है और आज तक उसने कोई वादे पूरे नहीं किए है।

#### जनता से किए वादे

देश में अच्छा लोकतांत्रिक माहौल बनाना है और देश की रक्षा करना है तो कांग्रेस की देश में सरकार बनाए। उन्होंने कहा कि हम किसानों को एमएसपी की गारंटी देते हैं, देश में सरकार बनी तो युवाओं का साढ़े 8 हजार, महिलाओं को साढ़े हजार, किसानों को गेहूं का 3 हजार और धान का 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य मिलेगा। कांग्रेस न्याय के सिद्धांत पर काम करती है, देश के सैनिकों से लेकर हर किसी को न्याय दिया जाएगा।

### पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने भरा नामांकन

# बालाघाट से बसपा की ओर से लड़ेंगे चुनाव, हास्य कलाकार ने बैलगाड़ी पर निकाली नामांकन रैली



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बुधवार को नामांकन जमा करने के अंतिम दिन पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने बसपा प्रदेशाध्यक्ष इंजी. रमाकांत पीपल, जिलाध्यक्ष इंजी. महेन्द्र सहित अन्य बसपा नेताओं की मौजूदगी में नामांकन जमा किया।

इससे पूर्व निज-निवास से पैदल रैली के साथ सर्किट हाउस मार्ग होते हुए उन्होंने नामांकन रैली निकाली। जिसमें बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के अलावा मुंजारे समर्थक भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम जनता के बीच महिला अत्याचार, बेरोजगारी, महंगाई और विकास के मुद्दों के साथ जाएंगे। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र में कोई टक्कर में नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और तीन विधायक दिल्ली, कांग्रेस के प्रत्याशी को बदलने की मांग को लेकर गए थे। अब वह किस तरह से प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगे।

#### हास्य कलाकार ने बैलगाड़ी पर निकाली नामांकन रैली

बालाघाट संसदीय क्षेत्र में हास्य कलाकार देव पंवार उर्फ धनेन्द्र शरणागत ने बैलगाड़ी से अपनी नामांकन रैली निकाली और शहर में लोगों का अभिवाद किया। वह भी बेरोजगारी और विकास के मुद्दे को लेकर इस चुनाव मैदान में उतरे है। इस दौरान बनवारी काका के साथ उनका साथी हास्य कलाकार बांगा भी मौजूद था।

# मुख्य चौराहों पर लगे राजनीतिक दलों के झंडे : आचार संहिता के बावजूद हो रहा प्रचार, एसडीएम बोले- हटाऐंगे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला मुख्यालय में राजनीतिक दलों के झंडों से नगर के विभिन्न चौराहों पर स्थापित प्रतिमा ढकी नजर आ रही है। देश सहित जिले में 16 मार्च से लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे में संपत्ति विरूपण की कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद नगर के सार्वजनिक स्थानों पर राजनीतिक दलों के झंडे बैनर नजर आ रहे है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर के विभिन्न चौक में शहीद और महापुरुषों की प्रतिमा को पार्टी के झंडो से पाट दिया गया है। आचार संहिता के दौरान यह करना ठीक नहीं है। प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए।

मामले में एसडीएम गोपाल सोनी ने कहा कि पार्टी को झंडे और बैनर हटाने को लेकर जानकारी दे दी गई है। वहीं पार्टी ने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है, किसी ने लगा दिया होगा, जिसे हटाया जाएगा।



# कलेक्टर ने वारासिवनी क्षेत्र की 5 राईस मिलर्स पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

बालाघाट जिले में वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर क्रय की गई धान से कस्टम मिलिंग करने हेतु अनुबंधित राईस मिलर्स के यहां ऑफलाइन धान पाये जाने पर कलेक्टर डॉक्टर गिरीश मिश्रा द्वारा 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया है।

**34 राईस मिलों का किया गया था निरीक्षण :** यह उल्लेखनीय हैं कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जबलपुर संभाग के अंतर्गत जिलों में उपार्जित की गई धान एवं मिलर्स को प्रदाय धान का भौतिक सत्यापन तथा मिलिग पश्चात प्राप्त सीएमआर का भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता की जांच हेतु दलों का गठन किया गया था। जिले में एल के जोशी जिला प्रबंधक देवास के द्वारा संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिले में 34 राईस मिलों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से 5 मिलर्स के पास उपलब्ध धान ऑनलाइन नहीं पाया गया।

**22724 बोरे उठाये गए 5 राईस मिलों द्वारा ऑफलाईनः** शासन के निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्रों से ऑफलाइन धान का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित हैं, लेकिन मेसर्स संचेती राइस मिल वारासिवनी में 4328 बोरे, संचेती राइस उद्योग वारासिवनी में 5410 बोरे, संचेती सारटेक्स वारासिवनी 2164 बोरे, तोलानी राइस मिल वारासिवनी 4330 बोरे तथा सिद्धि विनायक राइस खमरिया 6492 बोरे ऑफलाइन धान भौतिक सत्यापन में पाया गया।

### प्रसव प्रकरण में परीक्षण न करने और ऑपरेशन में विलंब करने के मामले में दो डॉक्टरों को नोटिस जारी

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे ने उच्च जोखिम के प्रसव प्रकरण के मामलें में दो डॉक्टरों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को रात 9:20 बजे प्रसव के लिए 21 वर्षीय निशा शैलेश वरकड़े को जिला चिकित्सालय के मेटरनिटी विंग ट्रॉमा सेंटर में प्रसव के लिए भर्ती किया गया था। उनका पहला प्रसव था,जिनकी संभावित तिथि 19 मार्च थी। किंतु दो दिन विलंब से अस्पताल में भर्ती किया गया। रोगी का रात 11 बजे परीक्षण किया गया। परीक्षण में बच्चेदानी की पानी की थैली फटना लेकिन बच्चें द्वारा शौच ना करना रिपोर्ट में अंकित किया गया है। प्रसूता की अत्यंत गंभीर हालत में सुबह 6 बजे प्रसव कराया गया। रोगी के प्रसव में अत्यधिक विलंब होने के कारण गर्भस्थ शिशु की गर्भ में हुई मृत्यु हो गई। इन सब कारणों को देखते गुए डॉ. अर्चना लिल्हारे और डॉ. वर्षा रंगारे स्त्री रोग विशेषज्ञों को नोटिस जारी कर 3 दिनों में जवाब मांगा है। दोनों डॉक्टर अपने जवाब से समक्ष में उपस्थित होकर अवगत कराएंगे। जवाब नही प्रस्तुत करने या संतोषजनक जवाब नही होने की स्थिति में राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### अपने फायदे के लिए ठेकेदार कर रहा नियमों की अनदेखी, निरीक्षण में सरकारी अमला नदारद

# अनभिज्ञ सुपरवायजर के भरोसे में चल रहा करोड़ों की राशि का पुल निर्माण कार्य

### मामला मुरलीखाम नगपुरा से पण्डरापानी पहुंच मार्ग, पूर्व में अनेकों बार कर चुके पुल निर्माण की मांग

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**



नगर मुख्यालय से पांच किलोमीटर कि दूरी पर स्थित मुरलीखाम, नगपुरा व पण्डरापानी पहुंच मार्ग पर छतिग्रस्त पुल निर्माण कि मांग विगत एक साल से भी अधिक समय से कि जा रही थी, तथा इस पुल से तीन पंचायतों के लोगों का अधिक आवागमन होता है तथा इसी पुल से अध्यन्नरत विघार्थियों, किसानों का आवागमन होता हुआ आ रहा है। तथा यह पुल विगत एक वर्ष से भी अधिक समय से अपनी दुर्दशा पर आशु बहा रहा था,पुल निर्माण कि मांग ग्रामीण जनों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कि थी पुर्व में जिला पंचायत सदस्य श्री झामसिंह नागेश्वर, हरिशंकर बनवारी जनपद सदस्य व ओ पी बिसेन सरपंच प्रतिनिधि औल्याकन्हार ने इस पुल निर्माण कि मांग को लेकर छतिग्रस्त पुल का स्थल निरीक्षण कर अपनी आवाज मिडिया के माध्यम से उठाते हुए शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाने का प्रयास भी अपने स्तर से किये थे,वहीं जिला पंचायत सदस्य ने जिला कि बैठक में पुल निर्माण कि मांग रखें जाने कि भी बात कही थी तथा विस चुनाव में तो ग्रामीणों ने एक मतेन होकर बैठक आहूत कर "पुल निर्माण नहीं तो, मतदान नहीं" का नारा बुलंद करते हुए मतदान का बहिष्कार करने कि भी चेतावनी भी दि थी। वहीं उक्त छतिग्रस्त पुल का नवीन निर्माण कार्य करोड़ों कि राशि से एक से डेढ़ माह निरंतर किया जा रहा है, जिसमें अनभिज्ञ सुपरवाइजर के भरोसे में में काम को छोड़ दिया गया है।, घटिया पुल निर्माण कि जानकारी कृषकों द्वारा बार बार दी जा रही थी,वहीं मिडिया कि टीम ने 27/3/2024 दिन बुधवार को पुल निर्माण कार्य का अवलोकन किया जिसमें एक अनभिज्ञ सुपरवाइजर कार्य स्थल पर मिला तथा हमारे द्वारा पुल निर्माण को लेकर बात करने का अनेकों बार प्रयास किया गया लेकिन, सुपरवाइजर ने मिडिया के सामने कुछ भी बोलने से साफ साफ मना कर दिया तथा बालाघाट वाले ठेकेदार का काम है कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया गया है।

**एक सुपरवाइजर के भरोसे करोड़ों कि राशि का पुल निर्माण कार्य :** वहीं जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जबलटोला से पण्डरापानी रोड़ से CH-175 एम बाक्सकलवर्ट, लंबाई 49.960 मी,लागत 238.06 लाख पैकेज क्रमांक MP01-UBR-01(UPG-BIRDGE), अनुबंध क्रमांक -301 PIU 11BGT2023-24,Dated-29/12/2023तथा परियोजना इकाई- महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सड़क वि.प्रारि.परि.ई.क्रं.-2 बालाघाट से है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उक्त संबंधित विभाग से जिले से कोई भी बड़े स्तर के अधिकारी पुल निर्माण को देखने नहीं आते हैं शासन से करोड़ों कि राशि पुल निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत हुआ है बिना गाइड लाइन व अधिकारियों कि अनुपस्थित में घटिया स्तर से कार्य चल रहा है। तथा कम एम एम कि लोहे कि राड पुल में लगवाई जा रही है वहीं देखने व पढ़ने में अक्सर यह आता है कि घटिया पुल निर्माण कि वजह से एक ही बारिश में पुल बह जाता है। वहीं अब देखना यह है कि खबर प्रकाशन के बाद सरकारी अमला कब हरकत में आता है या फिर ऐसे ही अनभिज्ञ सुपरवाइजर के भरोसे में कार्य आगे चलते रहेगा,जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। क्योंकि आना-जाना उन्हीं लोगों का होता है ठेकेदार तो अपना काम करके चले जाता है।

#### इनका कहना है

जिस हिसाब से राशि व स्टीमेट ठेकेदार को प्रदान की गई है उस हिसाब से स्टीमेट आधारित कार्य नहीं हो रहा है,यह मैंने भी देखा है आप लोग भी जाकर देख सकते हैं करीब एक डेढ़ माह से यह कार्य प्रारंभ है और हमने ही डिमांड की थी पुलिया के लिए और हमारी ही डिमांड पर पुलिया दिया जा रहा है तो किसानों के साथ मिलकर इसका विरोध तो करना ही पड़ेगा हमको ठेकेदार से मिलने की जरूरत नहीं है हमको काम देखने की जरूरत है।

**सतानंद दमाहे, पूर्व सरपंच व कृषक**

### मामला लालबर्रा अंतर्गत ग्राम भांडामुर्री के किसानों का

# धान का घोषित मूल्य न मिलने की वजह से किसानों ने लिया आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** अभी हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा सरकार द्वारा अपने संकल्प पत्र में किसानों को प्रति क्विंटल धान खरीदी मूल्य 3100 रुपए तथा गेहूं खरीदी मूल्य 2700 रुपए देने की घोषणा की गई थी।परंतु अभी तक सरकार द्वारा किसानों को घोषित मूल्य न दिए जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।इसी संबंध में रविवार 24 मार्च को लालबर्रा अंतर्गत ग्राम भांडामुर्री के समस्त किसानों की गांधी चौक के सभामंच में बैठक आहुत की गई जिसमे प्रदेश सरकार द्वारा घोषित धान का मूल्य 3100 रुपए तथा गेहूं का खरीदी मूल्य 2700 रुपए न दिए जाने से अक्रोशित समस्त किसानों ने आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।किसानों ने बताया कि भाजपा सरकार ने झूठी घोषणा कर किसानों के विश्वास के साथ छल किया है।हमे प्रति क्विंटल 2183 रुपए ही प्राप्त हुए है जबकि सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने की संकल्प पत्र के माध्यम से घोषणा की थी।ऐसे में हम किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्थानीय भाजपा सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है।सरकार ने इस घोषणा को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी बताया था जबकि वास्तव में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को दी गई यह गारंटी अभी तक फेल साबित हुई है।हम सभी किसानों के साथ अन्याय हुआ है अतः हम समस्त ग्राम के किसानों ने यह निर्णय लिया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हम सभी मतदान करने नही जायेंगे।किसानों ने प्रदेश के समस्त किसानों से भी अपील की है कि वे आगामी चुनाव का किसान हित में बहिष्कार करे ताकि भविष्य में हम सभी किसानों के साथ इस तरह का अन्यायपूर्ण रवैया न हो सके।

### आखरी दिन 10 अभ्यर्थियों ने जमा किये नाम निर्देशन पत्र, 30 मार्च नाम वापसी का अंतिम दिन

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रमानुसार बुधवार नाम निर्देशन जमा करने के अंतिम दिन 10 अभ्यार्थियों ने नामांकन दाखिल किए है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के समक्ष बुधवार को 10 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कराए है। अंतिम दिन नामांकन जमा करवाने वाले अभ्यर्थियों में निर्दलीय से दिलीप छाबडा, गोंगपा पार्टी से नंदलाल उईके, राष्ट्रवादी भारत पार्टी से मोहन कुमार राउत, बीएसपी से कंकर मुंजारे, निर्दलीय सुरज ब्रम्हे, निर्दलीय फिरोज खांन, राष्ट्रवादी युवाजन एकता पार्टी मनोरमा नागेश्वर, बहुजन मुक्ति पार्टी से राजकुमार नागेश्वर, निर्दलीय दिपक कुमार चौधरी और निर्दलीय मनोज कुमार सय्याम शामिल है। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमानुसार प्रथम चरण में गुरुवार 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसके बाद 30 मार्च में वापसी की अंतिम दिनांक है।

# नंदलेसरा ओपन कैप से धान चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार, 2 फरार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम नंदलेसरा में बने ओपन कैप से सरकारी धान की चोरी करने वाले 03 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वहीं इस मामले में अन्य 02 अपराधी फरार है. जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुट गई है. चोरों ने चोरी की इस वारदात को 25 मार्च की रात्रि तकरीबन 03 बजे के आस-पास अंजाम दिया था. केप प्रभारी बी.एल. कुमरे ने 26 मार्च को थाने पहुंचकर सम्राट गजभिए, दीपक दुधबुरे, अजय नारबोदे, हरिशंकर मड़ावी, संदीप कुसराम के खिलाफ धान चोरी करने की शिकायत दर्ज करवाई. जिसके बाद पुलिस ने पांचों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय दंड विधान 1860 की धारा 379 और 34 की कार्रवाई की है. चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले सम्राट, दीपक और अजय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मगर, हरिशंकर और संदीप फरार चल रहे है. बताया जा रहा है कि आरोपियों के द्वारा केप से 12 हजार रुपए कीमत का 12 कट्टा धान नंदलेसरा केप से चोरी किया गया था. चोर रात्रि में दीपक राहंगडाले की किराना दुकान में धान बेचने के लिए पहुंच गए थे किन्तु इससे पहले ही पुलिस ने चोरों को पकड़ लिया. हालांकि दुकानदार ने चोरी का धान खरीदने की बात से इंकार किया है. मगर, सूत्रों की माने तो दीपक राहंगडाले नाम का दुकानदार चोरी का धान खरीदने का काम करता है. पुलिस ने चोरों के पास से धान और एक एचएफ डीलक्स दोपहिया वाहन भी जब्त किया है. पुलिस ने चोरों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से चोरों को जेल भेज दिया गया है।

सूत्रों की माने तो नंदलेसरा ओपन कैप से बड़ी मात्रा में धान की चोरी होती है और इस चोरी में केप प्रभारी और यहां तैनात अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी पूरी तरह से संदिग्ध है. गांव में इस बात की चर्चा है कि केप प्रभारी और कर्मचारी अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरों के साथ मिलकर केप से धान चोरी की वारदात को अंजाम देते है. चूंकि ओपन कैप में कई लाख क्विंटल अनाज खुले आसमान के नीचे रखा है. ऐसे में धान को कई तरह से नुकसान होता है. इस बात को जानते हुए केप प्रभारी और कर्मचारी जानबूझकर चोरी करवाते है ताकि अगर कभी धान में कटौती भी हो तो कोई कार्रवाई ना हो. जन चर्चा है ओपन कैप से काफी लंबे समय से धान की चोरी कर्मचारियों की मिलीभगत के साथ की जा रही है.

#### इनका कहना है

पहले कैप की जिम्मेदारी कंपनी के पास थी तब चोरियां होती थी ग्रामीणों को इस बात की जानकारी नहीं है इसलिए वह कैप प्रभारी पर आरोप लगा रहे है. हम कंपनी के नहीं बल्कि मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के कर्मचारी है और हमारी कोई मिलीभगत नहीं है. जो चोर है वह शायद कंपनी कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर चोरी करते होंगे।

**बी.एल.कुभरे कैप प्रभारी**